**जनपद हमीरपुर**

**थाना- ललपुरा** **दिनांक- 01.08.2026**

**थाना ललपुरा पुलिस टीम एवं एस0ओ0जी/सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से अज्ञात महिला हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए मु0अ0सं0 74/2026 धारा 103(1)/61(2)/3(5) बीएनएस से संबंधित 04 वांछित अभियुक्तगण को घटना में प्रयुक्त वाहन सहित गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।**

**घटना का विवरण-**




अवगत कराना है कि दिनांक 29.07.2026 को थाना ललपुरा पुलिस को थाना क्षेत्रान्तर्गत पौथिया के पास सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना ललपुरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा फील्ड यूनिट टीम/डाग स्क्वायड द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। मृतका के शव को पुलिस कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। जांच के दौरान अज्ञात महिला की पहचान रीता पत्नी अमर सिंह निवासी ग्राम बमरौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर के रूप में हुई। प्रकरण के संबंध में दिनांक 31.07.2026 मृतका के पिता वादी सर्वेश गुप्ता पुत्र बंशीधर गुप्ता निवासी कस्बा व थाना राजपुर, जनपद कानपुर देहात से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ललपुरा पर मु0अ0सं0 74/2026 धारा 103(1) बी0एन0एस0 बनाम अमर सिंह पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम बमरौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर तथा उसके अन्य अज्ञात साथियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। घटना के सफल तथा शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही-**

थाना ललपुरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त अमर सिंह पुत्र स्व0 रामगोपाल निवासी ग्राम बमरौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, एवं विवेचना के क्रम में पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना मे शामिल अन्य साथियों की पहचान 1.अमित गुप्ता उर्फ राम पुत्र राकेश गुप्ता मूल निवासी ग्राम व थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात व हाल पता 344 जरौली फेज 2 थाना गुजैनी कानपुर नगर 2. पुष्पेन्द्र सोनी उर्फ साहिल पुत्र नारायण सोनी मूल निवासी ग्राम ग्योड़ी, थाना खन्ना, जनपद महोबा, हाल निवासी म0नं0 ई0वी0एस 299 जरौली फेज 2 कानपुर नगर 3.अभय सिंह उर्फ गोलू पुत्र सन्तोष सिंह मूल निवासी ग्राम कंशपुर गुगौली, थाना कल्यानपुर, जनपद फतेहपुर हाल पता एम0एल0 291 जरौली फेज 2 थाना गुजैनी, जनपद कानपुर नगर के रुप मे की गई। उपरोक्त अभियुक्तगण को दिनांक 31.07.2026 को समय करीब 18.26 बजे कुण्डौरा रोड, साई दांता आश्रम के पास ग्राम पौथिया से घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन सहित गिरफ्तार करते हुए उपरोक्त मकुदमें धारा 61(2)/3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ के दौरान बताया कि उन्होंने अभियुक्त पुष्पेन्द्र सोनी उर्फ साहिल से काफी धनराशि उधार ले रखी थी। पुष्पेन्द्र द्वारा बार-बार कर्ज की रकम वापस मांगे जाने पर उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से अमर सिंह पुत्र स्व0 रामगोपाल निवासी ग्राम बमरौली, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर को अपने साथ मिला लिया। अभियुक्तों के अनुसार अमर सिंह अपनी पत्नी रीता से काफी परेशान रहता था। इसी कारण रीता के नाम से एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से बीमा कराया गया। इसके बाद अमर सिंह को यह कहकर तैयार किया गया कि उसकी पत्नी रीता की हत्या कर दी जाएगी, जिससे बीमा क्लेम की धनराशि प्राप्त होगी। क्लेम से प्राप्त धनराशि में से 15 लाख रुपये अमर सिंह को देने तथा शेष रकम आपस में बांट लेने की योजना बनाई गई। योजना के अनुसार अमर सिंह अपनी पत्नी रीता को पौथिया नहर मार्ग, राठ रोड पर लेकर पहुंचा। उसी दौरान अभियुक्तगण अर्टिगा कार से वहां पहुंचे और रीता के ऊपर वाहन चढ़ा दिया, जिससे वह सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इसके बाद अभियुक्तों ने उसे उठाकर सड़क पर लाया तथा वाहन को दोबारा उसके ऊपर चढ़ाया। अभियुक्तों के कथनानुसार उन्होंने वाहन दो बार और चढ़ाया, जिससे रीता की मृत्यु हो गई। घटना के बाद सभी अभियुक्त कार लेकर मौके से फरार हो गए।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.अमर सिंह पुत्र स्व0 रामगोपाल निवासी ग्राम बमरौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर।

2.अमित गुप्ता उर्फ राम पुत्र राकेश गुप्ता (उम्र करीब 38 वर्ष) मूल निवासी ग्राम राजपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात व हाल पता 344 जरौली फेज 2 थाना गुजैनी जनपद कानपुर नगर।

3.पुष्पेन्द्र सोनी उर्फ साहिल पुत्र नारायण सोनी(उम्र करीब 35 वर्ष) मूल निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा हाल निवासी म0नं0 ई0वी0एस 299 जरौली फेज 2 कानपुर नगर।

4.अभय सिंह उर्फ गोलू पुत्र सन्तोष सिंह (उम्र करीब 28 वर्ष) मूल निवासी ग्राम कंशपुर गुगौली थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर हाल पता एम0एल0 291 जरौली फेज 2 थाना गुजैनी जनपद कानपुर नगर।

## बरामदगी का विवरण-

एक अदद चार पहिया वाहन (अर्टिगा कार) व एक अदद सिम एयरटेल।

## गिरफ्तारी का स्थान-

कुण्डौरा रोड, साई दांता आश्रम के पास ग्राम पौथिया, हमीरपुर।

## पुलिस टीम का विवरण-

| | |
|---|---|
| 1.नि0 राकेश कुमार सरोज प्रभारी (निरी0 थाना ललपुरा) | 2.उ0नि0 सिद्धनाथ राय |
| 3.हे0कां0 विपिन मिश्रा | 4.का0 अनुराग सिंह |
| 5.का0 शुभम दुबे | 6.का0 सूरज यादव |
| 7.का0 मान सिंह | 8.म0का0 निधि |
| 9.म0का0 काजल गोस्वामी | |

## एस0ओ0जी0/ सर्विलांस

| | |
|---|---|
| 1. उ0नि0 कृष्णदेव त्रिपाठी (प्रभारी सर्विलांस) | 2.उ0नि0 सचिन शर्मा (प्रभारी एसओजी टीम) |
| 3.हे0का0 शिवेन्द्र सिंह (एसओजी) | 4.का0 अतुल कुमार (एसओजी) |
| 5.का0 सुरेन्द्र मिश्रा (एसओजी) | 6.का0 कृष्ण कुमार गुप्ता (सर्विलांस) |